कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/लेखा/डी–2/28011/19–20 दिनांक :–31.07.2019

अति–आवश्यक

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा

विषय :– शिक्षा सत्र 2019–20 में राजकीय विद्यालयों की कक्षा 9 में नवीन प्रवेश लेने वाली छात्राओ को निःशुल्क साईकिल उपलब्ध करवाने की माग के सम्बन्ध में ।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांकः शिविरा/माध्य/लेखा/डी–2/28011/19–20 दिनांक 19.07.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा शिक्षण सत्र 2019–20 में राजकीय विद्यालयों की कक्षा 9 में नवीन प्रवेश लेने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण करने हेतु साइकिलो की मांग का विवरण दिनांक 05.08.2019 तक चाहा गया था । चूंकि विभाग स्तर पर पत्रांक शिविरा/माध्य–द/22492/प्रवेशोत्सव/2019–20/112 दिनांक 30.07.2019 के द्वारा बालिकाओं के प्रवेश की अन्तिम दिनांक 15 अगस्त 2019 कर दी गई है। इस तिथि को ध्यान में रखते हुए साइकिलो की मांग का विवरण अब दिनांक 20 अगस्त,2019 तक अनिवार्य रूप से निर्धारित प्रपत्र में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें । साथ ही गत शैक्षणिक सत्र में साईकिलों का वितरण, शेष साइकिलों का विवरण एवं वांछित समस्त सूचना आवश्यक रूप से विभागीय ई–मेल आई.डी. caosecedu@gmail.com पर उपलब्ध कराई जावे।

क्र. सं0	प्रत्येक पचांयत समितिवार व शहरी नोडल विद्यालय (शहरी) का नाम		नोडल विद्यालय के अधीनस्थ शालाओं का नाम (पंचायत समिति व शहरी मुख्यालय वार)	संभावित छात्राओं की संख्या जिन्हे निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जानी है
1	2	3	4	5

शैक्षणिक सत्र 2019–20 के दौरान वितरित एवं शेष रही साईकिलों का विवरण निम्नांकित प्रपत्र में दिनांक 20.08.2019 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें ।

क्रम सं0	जिशिअ कार्यालय का नाम	प्रारम्भिक शेष	फर्म से प्राप्त की गई साईकिलों का विवरण (सत्र 2018–19)	अन्य जिशिअ कार्यालयो से प्राप्त साईकिलों का विवरण	अन्य जिशिअ कार्यालयों को स्थान्तरित की गई साईकिलों का विवरण	सत्र के दौरान प्राप्त कुल साईकिलों की संख्या 3+4+5-6=7	आज दिनांक तक जिला स्तर पर छात्राओं को वितरित की गई साईकिलों का विवरण	शेष साईकिलों का विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9

शाला दर्पण पोर्टल पर साईकिलों की मांग आवश्यक रूप से दर्शाने हेतु प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापको को निर्देशित किया जावे एवं **इस कार्यालय को की गई साईकिलो की मांग व शाला दर्पण पोर्टल पर साईकिलो की दर्शाइ गई मांग में किसी प्रकार का अन्तर नहीं होना चाहिए ।**

वित्तीय सलाहकार,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

......2......

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

01. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा परिक्षेत्र को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करनें हेतु प्रभावी मोनेटरिंग की जावे ।

02. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करनें हेतु प्रभावी मोनेटरिंग की जावे ।

03. सहायक निदेशक, शाला–दर्पण कार्यालय हाजा को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना शाला–दर्पण पोर्टल पर अपलोड करवाने की कार्यवाही हेतु समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों माध्यमिक को निर्देशित करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करें तथा अपलोड की गई वांछित सूचना अविलम्ब प्रस्तुत करें ।

वित्तीय सलाहकार,
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर